महत्वपूर्ण एवं खास

आटो पार्टस की दुकान में भीषण आग, 9 बाइक जलकर राख

बलौदाबाजार (आरएनएस)। कसडोल नगर स्थित आटो पार्ट्स की दुकान में देर रात भीषण आग लगने से इलाके में हडक़ंप मच गया. भीषण आग से 9 बाइक जलकर राख हो गई. घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. यह घटना कसडोल नगर के गायत्री चौक स्थित लखेश्वर आटो पार्ट्स की है. कसडोल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

वन विभाग की कार्यवाई में अवैध लकड़ियां और गाड़ी जब्त

रायपुर, 20 अगस्त (आरएनएस)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर वन विभाग द्वारा लकडिय़ों के अवैध परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र बालोद की टीम द्वारा झलमला-धमतरी मुख्य सडक़ मार्ग में ग्राम करकाभाट मोड़ के पास लगभग 75 हजार अनुमानित मूल्य के मिश्रित प्रजाति के 93 नग त्र 6.522 घ.मी. प्रतिबंधित लकडिय़ां जप्त की गई। इसी प्रकार बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम वन परिक्षेत्र तारलागुड़ा नाका में वन विभाग की टीम द्वारा घेराबंदी कर 5 नग सागौन स्लीपर तथा टाटा मैजिक वाहन जप्त कर कार्रवाई की जा रही है। पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवास राव और वनमण्डलाधिकारी बालोद आयुष जैन के निर्देशन में अवैध परिवहन करते पाए जाने के कारण माजदा वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 0918 (ज्ञ्ज्ञ् 1109) को काष्ठ सहित जप्त कर काष्ठागार बालोद लाया गया। जप्त वाहन में अवैध साजा, इमली एवं नीम काष्ठ भरे होने के कारण वाहन चालक पंकज व जोहन के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 96/22 दिनांक 16.08.2023 दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जप्त काष्ठ के विरूद्ध भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 41 एवं छ.ग. वनोपज परिवहन नियम 2001 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

सीएम बघेल की घोषणा पर अमल शुरु, अब छत्तीसगढ में कॉलेज स्टूडेंट्स को मिलेगी बस सेवा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शासकीय महाविद्यालयों में पढऩे वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज और कॉलेज से घर आने-जाने के लिए बस के माध्यम से नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा पर राज्य शासन द्वारा अमल शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महाविद्यालय के छात्रों के हित में यह घोषणा की है। उच्च शिक्षा विभाग की आयुक्त शारदा वर्मा ने इस घोषणा के क्रियान्वयन के संबंध में सभी शासकीय कॉलेज के प्राचार्यों को पत्र लिखा है। जिसमें शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत उन विद्यार्थियों की जानकारी मांगी गई है, जो नि:शुल्क बस परिवहन सेवा का लाभ लेना चाहते हैं। पत्र के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में जानकारी मांगी गई है। जिसमें ट्रैवलर्स का नाम, बस रूट का नाम, महाविद्यालय के निकटतम बस स्टॉप के नाम और विधार्थी की घर से कॉलेज की दूरी से संबंधित जानकारी मांगी गई है। प्राचार्यों को उक्त जानकारी 28 अगस्त तक विभाग भेजने को कहा गया है। उल्लेखनीय है की युवाओं से भेंट मुलाकात के दौरान कॉलेज के छात्रों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने की मांग की थी।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाएं शुरू

- दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेल में हुनर दिखा रहे खिलाड़ी
- ब्लॉक स्तर के विजेता खिलाड़ी 27 अगस्त से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल
- 6 चरण में हो रही प्रतियोगिता, विजेताओं को दिया जाएगा पुरस्कार
- हरेली तिहार से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का हुआ था आगाज

रायगढ़। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में विकासखंड स्तरीय स्पर्धाएं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हो गई हैं। इसमें जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 18 से अगस्त से 23 अगस्त तक चलेंगी। इस स्तर के विजेता आगे 27 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे जो 04 सितंबर तक चलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की शुरुआत हुई है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाडिय़ों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा।

दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल- छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा- छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

6 चरण में हो रही प्रतियोगिता - छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का आयोजन 6 चरणों में किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर से आगे की स्पर्धाओं में विजेता खिलाडिय़ों को पुरुस्कार भी प्रदान किए जायेंगे। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से आयोजित की गई। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया। जिसके पश्चात विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। इसके पश्चात संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जाएगा।

युवक से लूटपाट मामले में आदतन बदमाश को गिरफ्तार

- चक्रधर नगर पुलिस ने भेजा जेल

रायगढ़। 16 अगस्त के रात्रि जमुना इन सिग्नल चौक चक्रधर नगर के पास 18 वर्षीय युवक सूरज यादव के साथ रेलवे बांग्ला पारा में रहने वाले विशाल ठाकुर द्वारा टांगी से चोट पहुंचाकर सूरज यादव से रु.24000 की लूटपाट किया था। दिनांक 19 अगस्त को घटना की रिपोर्ट सूरज यादव द्वारा थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर दर्ज कराया जिसने बताया कि उसके पिता उसे रु.38000 एटीएम से निकालने के लिए बोले थे, जिस पर अपने साथी अमर भारद्वाज के साथ कबीर चौक केटीएम से रु.19000 निकाला जिसमें 14,000 रूपये अमर को दिया और बोईरदादर चौक के एटीएम से रु.19000 और निकाला, 24 हजार रूपयों को जेब में रखकर वापस घर आ रहा था, रात्रि करीब 8 बजे जमुना इन चौक सिग्नल चौक के पास रेलवे बांग्लापारा का विशाल ठाकुर आकर टांगी से हाथ में मारकर चोट पहुंचाया और 24000 लूटकर भाग गया, विशाल के मारपीट से दाहिने हाथ की कलाई में चोट आया था जिसे उसके साथी अस्पताल में भर्ती कराये, अस्पताल से उपचार बाद 19 अगस्त को सूरज यादव थाना में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। चक्रधरनगर पुलिस आरोपी पर लूटपाट का अपराध कायम किया गया।

आदतन बदमाश विशाल ठाकुर द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की जानकारी थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उनके निर्देशन पर अपने स्टाफ और मुखबिर को आरोपी विशाल ठाकुर की सूचना देने लगाये फ जल्द ही आरोपी विशाल को खर्राघाट मरीन ड्राइव के पास देखे जाने की सूचना पुलिस को मिली। तत्काल चक्रधरनगर पुलिस ने रास्ते के दोनों तरफ से घेराबंदी कर विशाल ठाकुर को हिरासत में लिया, पूछताछ में उसने बताया कि सूरज को बोइरदादर चौंक पर एटीएम से रुपए निकालते देखा और जमुना इन चौक के पास सूरज से हाथ में रखे लोहे की टांगी से मारपीट कर रु.24000 को लूट कर भाग गया। आरोपी ने लूट के रकम से कुछ रुपए जुआ और खाने-पीने में खर्च कर देना बताया। आरोपी विशाल ठाकुर उर्फ बाबू पिता स्वर्गीय रणधीर ठाकुर उम्र 22 साल निवासी रेलवे बांग्लापारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ के पास से रु.2200 नकद और घटना में प्रयुक्त लोहे की टांगी जब्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी विशाल ठाकुर अभ्यस्त अपराधी है इसके विरुद्ध थाना कोतवाली रायगढ़ में चोरी, मारपीट, लूट, बलवा जैसे करीब 20 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। विदित हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार से ऐसे अभ्यस्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश प्राप्त है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर प्रधान आरक्षक रवि किशोर साय एवं पेट्रोलिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

विधानसभा चुनाव 2023 : 6 सितंबर तक आ जाएगी कांग्रेस की पहली लिस्ट

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा प्रत्याशियों के ऐलान के बाद अब कांग्रेस भी एक्शन मोड में आ गई है. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि कांग्रेस की पहली लिस्ट 6 सितंबर तक आ जाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एक से पांच सदस्यों का पैनल जिला कांग्रेस को देंगे. 24 अगस्त तक आवेदन लिए जाएंगे. 26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी सभी आवेदनों को जिला कांग्रेस को देगी. जिला कांग्रेस कमेटी आंकलन करने के बाद अधिकतम तीन नामों का प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज सकती है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में कांग्रेस भवन में शनिवार को पार्टी के राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई. इसमें विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई. वेणुगोपाल ने चुनाव के लिए गठित समितियों के अध्यक्षों के साथ चर्चा की.

करंट के संपर्क में आने से मवेशी की मौत

कोरबा (आरएनएस)। बिजली विभाग की लापरवाही व हठधर्मिता से ग्राम लोतलोता में एक बैल की बिजली करेंट मे चिपकने से मौत हो गई जिसकी क्षतिपूर्ति को लेकर ग्राम वासीयों द्वारा मांग की जा रही है।

कटघोरा विकास खण्ड के अतंर्गत ग्राम लोतलोता ग्राम मे विघुत प्रवाहित के लिए ट्रासफार्मर लगायें गये है जिसके केबल पुराना होने से अस्त व्यस्त हो कर जगह जगह कटे हुए है जिसमें ग्राम के हीरालाल यादव नामक कृषक के बैल प्रवाहित हो रहे बिजली करेंट मे चिपने से मौत हो गई। जिसकी सूचना जीवन यादव सांसद प्रतिधिनि कटघोरा विघुत वितरण केंद्र मे दिया गया परंतु अब तक विभाग के जिम्मेदार अधिकारी घटना स्थल पहुंच कर किसी प्रकार की जायजा व निरीक्षण नहीं किया गया । कृषक हीरलाल यादव ने बताया कृषि कार्य हेतु खेत गीरवी रख 50 हजार की दो बैल एक जोड़ी खरीदा गया था कृषि कार्य चल ही रहा था की घटना घट गई जिससे कृषि कार्य रूक गई है ।

इस सबंध मे जीवन यादव सांसद प्रतिनिधि का कहना है बिजली विभाग की लापरवाही से घटना हुई है ट्रासफार्मर मे लगायें केबल पुराना होने से अनेक स्थानों से कटे व फटे है जिसे सुधारने के लिए विभाग के अधिकारी कर्मचारी को मौखिक दूरभाष से सूचना दी गई परंतु अधिकारियो की कुभकंर्णीय नीद नहीं टुटी जिसका खामियाजा एक कृषक को भुगतना पडा, आगे उन्होंने कहाँ छत्तीसगढ़ राज्य विघुत वितरण विभाग द्वारा उक्त कृषक को क्षतिपूर्ति राशि नहीं दी गई तो वितरण विभाग के खिलाफ ग्रामीण कृषकों द्वारा जन आंदोलन किया जायेगा।

अस्पताल से चोरी गया चार माह का अबोध बच्चा कोरबी से सकुशल बरामद

थाना सिविल लाईन रामपुर एवं थाना बालको, सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही

कोरबा । आरएनएस

मेडिकल कालेज अस्पताल से चोरी कर लिए गए चार माह के दुधमुंहे बच्चे को पुलिस ने कोरबी से सकुशल बरामद कर लिया है। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में बच्चे को बाहर ले जाते जो तस्वीर कैद हो गई थी। उसका रंग रूप देख कर किशोरी होने का अंदाजा लगाया गया था, पर वह 23 साल की पंडो आदिवासी युवती निकली। बच्चे को अस्पताल से सीधे वह अपने सहेली के घर ले गई और दो दिन से बच्चे को केवल पानी पिला रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मेडिकल कालेज अस्पताल में खून की कमी होने की वजह से ग्राम कुरूडीह निवासी अंजू यादव को दाखिल कराया गया था। उसके साथ चार माह का दुधमुंह बच्चा भी था। 17 अगस्त को दोपहर दो बजे किसी अज्ञात लडक़ी उसके दुधमुंहे बच्चे को उठा कर ले गई। जानकारी मिलने पर स्वजनों हडक़ंप मच गया। अंजू की मां धीरा बाई यादव 55 वर्ष ने मामले की रिपोर्ट पुलिस के समक्ष दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को गंभीरता से लिया और जांच पड़ताल शुरू की। अस्पताल के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया, तो उसमें एक किशोरी के अस्पताल में दाखिल होने व बच्चा लेकर बाहर निकलते हुई दिखाई दी। इसके आधार पर पुलिस ने अपनी जांच तेज की। पुलिस अधीक्षक यू उदय किरण ने मामले की जांच के लिए पहली टीम सिविल लाइन रामपुर, दूसरी थाना बाल्कोनगर और तीसरी टीम सायबर सेल कोरबा गठित किया गया। पुलिस टीम ने पूछताछ करने पर आम नागरिकों ने पोड़ी खुर्द में एक लोहार के घर में युवती व बच्चे को देखना बताया। पुलिस की टीम घेराबंदी कर युवती हमीरा पंडो 23 वर्ष को पकड़ कर नाबालिक बच्चे को बरामद किया गया।

सबसे पहले पुलिस ने बच्चे का कोरबी के स्वास्थ्य केंद्र में बच्चे का प्राथमिक उपचार कराया। पुलिस आरोपिता व बच्चे को कोरबा लेकर आई और मेडिकल कालेज अस्पताल में बच्चे को उपचार के लिए दाखिल कराया। वहीं बच्चे की मां अंजू की तबियत अधिक खराब हो गई है, उसे आइसीयू में भर्ती करना पड़ा है।

लैलूंगा पुलिस के हाथ आया क्षेत्र का आदतन बदमाश और पशु तस्करी मामले का फरार आरोपी : पशु तस्करी के अपराध में गया जेल

रायगढ़। बीते 30 जुलाई को लैलूंगा पुलिस द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 4 पशु तस्करों से 137 नाग कृषक मवेशियों को मुक्त कराया गया था, आरोपियों द्वारा मोटर सायकल पर मवेशियों को पीछे से हांकते, क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते से जिले की सीमा से पर झारखंड बूचडखाने ले जा रहे थे, मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए लैलूंगा पुलिस ने ग्राम ढोरोआमा तालाब खार जंगल में घेराबंदी कर चार आरोपी - देवगन मरकाम, चनेश सिदार, सोनू सिदार, शिवनाथ राम भुईंहर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 137 नग कृषक मवेशी को जप्त किया गया है, पूछताछ पर मवेशी तस्करों ने झगरपुर निवासी सलीम खान, करवारजोर निवासी रबूल खान तथा नाजीर खान का मवेशी होना और मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताये। लैलूंगा पुलिस ने पकड़े गये पशु तस्करों समेत सलीम खान, रबूल खान तथा नाजीर खान समेत को मामले में आरोपी बनाया गया था। गिरफ्तारसुदा चारों आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया तथा अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही थी। आरोपियों में सलीम खान पूर्व में भी मवेशी तस्करी के अपराध में गिरफ्तार हुआ है जिसके विरुद्ध थाना लैलूंगा में मारपीट के भी केस दर्ज हैं, आरोपी पर मिली शिकायतों पर लैलूंगा पुलिस कई बार प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है बावजूद आरोपी सलीम खान के अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को देखते हुए लैलूंगा पुलिस आरोपी पर धारा 110 सीआरपीसी के साथ जिला बदर की कार्रवाई के लिये उसके आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। घटना के बाद से फरार आरोपियों पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा मुखबिर लगा रखे थे जिसमें आरोपी सलीम के बिलासपुर की ओर छिपे होने की जानकारी मिली थी , स्थानीय सूत्रों को भी पुलिस सूचना देने लगाया गया था। कल आरोपी सलीम खान को कुंजारा कॉलेज के पास देखे जाने की मुखबीर सूचना पर लैलूंगा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी सलीम खान पिता अलीम खान उम्र 38 साल निवासी झगरपुर थाना लैलूंगा को हिरासत में लिया गया जिसे पशु तस्करी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्ते एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तरडा के स्कूली बच्चों ने किया रीपा गोठान का शैक्षणिक भ्रमण

रायगढ़। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुसौर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तरडा के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम तरडा स्थित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों को रीपा में संचालित कार्यों से प्रधान पाठक व रीपा नोडल द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया कि रीपा क्या है और क्यों छत्तीसगढ़ शासन ने इसे स्थापित किया है। रीपा केंद्र में कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित है। रीपा भ्रमण के दौरान बच्चों ने रीपा में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे इलेक्ट्रिक सिलाई मशीन द्वारा व्यापक रुप से चल रहे सिलाई कार्य, लेथ एवं हार्डवेयर वेल्डिंग वर्क, सम्बलपुरी वस्त्र बुनाई, मशरुम उत्पादन, झारा शिल्प कार्य (बेल मेटल), लोक सेवा केन्द्र, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी सेंन्टर के कार्यो को देखा और उनकी क्रियाविधि को समझने का प्रयास किया। शैक्षिक परिभ्रमण के दौरान बच्चों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों ने रीपा कैन्टीन से अपनी मनपसंद चाकलेट व चिप्स भी खरीदे और इसका लुफ्त उठाया। इस तरह के शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों को एक दूसरे के साथ बातचीत करने और सीखने में सक्षम बनाने का वातावरण निर्मित हुआ है। रीपा के माध्यम से किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, इस संबंध में सरल तरीके से बच्चों को जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि एनईपी 2020 में ज्ञान को बाहरी वातावरण से जोड़कर अनुभवात्मक सीखने तथा बच्चों को तैयार करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी से परिचित करवाने हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालित भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल ने प्रसन्नता जाहिर कर सभी विद्यालयों को भी अपने स्कूल के पास के किसी भी शैक्षणिक स्थल के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों पर बच्चों को ले जाने का सभी शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से आग्रह किया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के मौके पर निरंजन पटेल, पूर्व सरपंच, रुपलाल, गोठान समिति अध्यक्ष, ऋषिकेश पटेल (नोडल रीपा तरडा), जानकी साहू, एनआरएलएम जनपद पंचायत पुसौर व बेला चौहान, संगठक बिहान परियोजना, स्कूल के प्रधान पाठक रुद्र शर्मा एवं समस्त शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तरडा एवं ग्रामीण जनउपस्थित रहे।